# खास-खबरें

## अशोक भाटी बने कांग्रेस सेवा दल के बुधनी विधानसभा अध्यक्ष (प्रभारी)



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदा/बुधनी:** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सक्रिय संगठनकर्ता अशोक भाटी को बुधनी विधानसभा अध्यक्ष (प्रभारी) नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और इसे संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अशोक भाटी लंबे समय से कांग्रेस की विचारधारा के साथ सक्रिय रहकर संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनहित के मुद्दों पर कार्य करते रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट करने, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## डॉक्टर्स एवं सीए दिवस पर चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदा:** मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्थानीय राजीव मेमोरियल कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न, पुष्प एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. शशांक शेखर भार्गव, डॉ. ए.के. जैन, डॉ. जितेंद्र रघुवंशी, डॉ. सुनील सेन, डॉ. अफसाना मंसूरी, चार्टर्ड अकाउंटेंट अंकुर पिंगले तथा अर्पित शर्मा सहित अन्य अतिथियों का सम्मान किया गया। वहीं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष ओमप्रकाश चौरसिया का विशेष सम्मान किया गया।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, डेयरी, मिठाई एवं चांदी वर्क के लिए नमूने



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए। उन्होंने मोहनगिरि माता मंदिर के समीप स्थित न्यू दीक्षित डेयरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डेयरी में उपलब्ध मिक्स दूध (मिश्रित दूध) का नमूना निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संग्रहित किया गया। निरीक्षण के दौरान डेयरी में स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा मानकों तथा खाद्य पदार्थों के रख-रखाव का भी परीक्षण किया गया। वहीं नगर की मिठाई दुकानों का निरीक्षण करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मिठाइयों में उपयोग किए जाने वाले चांदी वर्क की गुणवत्ता की जांच की।

# संपत्ति विवाद में महिला से अमानवीय व्यवहार, 11 पर केस, छह गिरफ्तार

## अरनिया वैणा में महिला को ससुराल के लोगों ने अर्धनग्न कर बाल काटे, जूतों को माला पहनाई और गांव में घुमाया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन:** जिले की झारड़ा तहसील के ग्राम अरनिया वैणा में मानवता को शर्मसार करने वाली एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। संपत्ति में हिस्सा मांगने पहुंची बहू के साथ ससुराल पक्ष के लोगों ने जो किया, वह रोंगटे खड़े करने वाला है। ससुरालियों ने महिला को लात-घूसों से पीटा, लोहे के दराते से उसके बाल काट दिए, कपड़े फाड़कर उसे अर्धनग्न किया और गले में जूतों की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाया। इस दौरान पति ने बचाव की कोशिश की तो उसे भी बेरहमी से पीटा गया।

**क्या बोले एसपी:** उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि घटना 30 जून की सुबह करीब 9 बजे की है। महिला ने 2023 में प्रेम विवाह किया था और इंदौर में रह रही थी। जब वह अपने पति के साथ पैतृक संपत्ति में अपना अधिकार मांगने गांव पहुंची, तो ससुरालियों ने पहले से ही योजनाबद्ध तरीके से उन पर हमला कर दिया। एसपी ने स्पष्ट किया कि समाज में इस तरह की कुत्सित मानसिकता और कानून को हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दंपति को रेस्क्यू किया और सुरक्षा मुहैया कराई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अपराध क्रमांक 169/2026 के तहत बीएनएस की धारा 74, 76, 79, 351(3), 115(2), 329(2) और 61(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। अब तक पुलिस ने 11 आरोपियों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया है, जिनमें से 6 को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए आरोपियों में गांव का पूर्व कोटवार, वीडियो बनाने वाला शख्स और महिला के ससुराल पक्ष के सदस्य शामिल हैं। शेष फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

**ये हैं आरोपी:** सुमेर सिंह, दशरथ सिंह, पप्पूसिंह, वीरेन्द्र सिंह, लखन सिंह, कचरु सिंह, कृपाल सिंह, शम्भु सिंह की पत्नी, मोडसिंह की पत्नी, विक्रम सिंह की पत्नी और बद्रीलाल मालवीय।

# 24 घंटे में 40 लाख की लूट का मास्टरमाइंड कर्मचारी गिरफ्तार, पूरी रकम बरामद

## ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय की ड्रेस पहनकर दिया वारदात को अंजाम, व्हाट्सएप के 'ओके' मैसेज से मिला था लूट का संकेत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलाम:** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में 40 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। मामले का मास्टरमाइंड फरियादी का ही कर्मचारी निकला, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी निशानदेही पर लूटी गई पूरी 40 लाख रुपये की नगदी बरामद कर ली गई है। वारदात में शामिल दो अन्य आरोपित अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

पुलिस के अनुसार 30 जून को शहर सराय निवासी मनीष पटवा ने स्टेशन रोड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि शराब व्यवसायी गौरव शर्मा की विभिन्न शराब दुकानों से प्राप्त करीब 40 लाख रुपये की नगदी कार्यालय लाई गई थी। कार्यालय कर्मचारी फरदीन और उसके पिता फिरोज रकम गिनने के बाद बैग लेकर ऊपरी मंजिल पर जा रहे थे। इसी दौरान ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय की वर्दी पहने और चेहरे पर कपड़ा बांधे एक युवक ने फरदीन को जान से मारने की धमकी देकर रुपयों से भरा बैग लूट लिया और फरार हो गया।

घटना के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में स्टेशन रोड थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान फरियादी के कर्मचारी फरदीन की गतिविधियां संदिग्ध मिलीं। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने स्वीकार किया कि उसने अपने भाई फैज और साथी असबाब के साथ मिलकर पूर्व नियोजित साजिश के तहत पूरी वारदात को अंजाम दिया।

पूछताछ में सामने आया कि जैसे ही 40 लाख रुपये फरदीन के पास पहुंचे, उसने व्हाट्सएप पर 'ओके' लिखकर अपने साथियों को संकेत भेज दिया। पहले से तय योजना के अनुसार फैज और असबाब ब्लिंकिट कंपनी की वर्दी पहनकर स्कूटी से मौके पर पहुंचे और लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। जांच में यह भी पता चला कि आरोपित असबाब पहले ब्लिंकिट कंपनी में कार्यरत रह चुका था। पुलिस को भ्रमित करने के उद्देश्य से उसी कंपनी की वर्दी का इस्तेमाल किया गया।

पुलिस ने मुख्य आरोपित फरदीन की निशानदेही पर उसके घर तथा फरार आरोपित असबाब के घर के स्टोर रूम से लूटी गई पूरी 40 लाख रुपये की नगदी बरामद कर ली। फरार आरोपित फैज और असबाब की तलाश जारी है। पुलिस दोनों के संभावित ठिकानों पर दबिश देने के साथ उनके अन्य जिलों में दर्ज आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले ने ऑनलाइन डिलीवरी एजेंटों की वर्दी के दुरुपयोग और उनके प्रभावी सत्यापन की आवश्यकता को भी सामने लाया है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए डिलीवरी कर्मियों के सत्यापन और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत है। पुलिस ने इस मामले के सफल खुलासे में शामिल स्टेशन रोड थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम की भूमिका की सराहना की है।

# अवैध हथियार तस्करी करने वाले गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास:** देवास पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14 देसी पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस और दो पहिया वाहन बरामद किए हैं। वहीं पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।


पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत ने प्रेसवार्ता में बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त की सूचना मिलने पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर शहर के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अंकित रैकवार, साहिल वर्मा, शुभम पांचाल, इरफान शेख और अक्षय शिंदे को गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 14 देसी पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस और एक दो पहिया वाहन बरामद किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से अवैध पिस्टल खरीदकर अपराधियों तक पहुंचाते थे। हथियारों की खरीद-फरोख्त के लिए वे सुनसान स्थानों का चयन करते थे और इसके बदले तय राशि वसूलते थे।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस गिरोह की सप्लाई चेन से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा कर संबंधित आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# मठ-मंदिर की दान पेटी तोड़ने वाला चोर गिरफ्तार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** पुलिस ने गुरुवार को मठ मंदिर में चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी हुए करीब सवा लाख रुपए बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी ने सीहोर और आष्टा के दो अन्य मंदिरों में भी चोरी की वारदातें कबूल की हैं।

यह मामला 30 जून को सामने आया था, जब ब्रह्मानपुर कस्बा सीहोर निवासी सीताराम ने पुलिस को सूचना दी। सीताराम, मठ मानस समिति के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर के पुजारी ने दान पेटी का ताला टूटा होने की जानकारी दी थी। समिति सदस्यों ने मौके पर जाकर देखा तो मंदिर का गेट और दान पेटी का नकुचा टूटा था, जिससे अज्ञात चोर पैसे चुरा ले गया था।

कोतवाली पुलिस ने इस मामले में अलग-अलग टीमें गठित कीं। पुलिस ने मंदिर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और घटना स्थल के आसपास सघन चेकिंग व सर्चिंग अभियान चलाया। इन प्रयासों के बाद पुलिस को आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली।

**आरोपी ने सीहोर और आष्टी में की चोरी कबूली:** गिरफ्तार आरोपी की पहचान राज उर्फ राजू पिता नान सिंह बारेला (20) निवासी ग्राम बसंतपुर टांडी, थाना भैरूंदा, जिला सीहोर के रूप में हुई है। आरोपी ने मठ मंदिर की चोरी के अलावा सीहोर के करौली माता मंदिर और आष्टा के माता मंदिर में भी चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले भी थाना भैरूंदा में चोरी के एक मामले में पकड़ा जा चुका है। संबंधित थानों को अन्य वारदातों की सूचना दे दी गई है।

## झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहर

**गंजबासौदा।** क्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब एक घंटे तक हुई अच्छी बारिश से मौसम सुहावना हो गया और किसानों ने राहत की सांस ली। पिछले एक सप्ताह से खरीफ फसलों की बुवाई जारी है। 24 और 25 जून के आसपास बोई गई सोयाबीन सहित अन्य फसलों के अंकुरण के बाद पानी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। लगातार उमस और करीब 33 डिग्री तापमान के कारण खेतों की नमी कम हो रही थी, जिससे अंकुरित फसल मुरझाने लगी थी। ऐसे में हुई बारिश को किसानों ने फसलों के लिए संजीवनी बताया। कई स्थानों पर खेतों में पानी भी भर गया।

# ग्रामीण रोजगार जिला स्तरीय जनसम्मेलन का शुभारंभ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी विकसित भारत की रामजी एक्ट के अंतर्गत जिला स्तरीय जनसम्मेलन का शुभारंभ गुलाबगंज तहसील की ग्राम पंचायत गुलरखेड़ी के मंडी प्रांगण में हुआ। वहीं, इसी कड़ी में विकासखंड नटेरन की ग्राम पंचायत एंचदा तथा विकासखंड लटेरी की ग्राम पंचायत उनारसीकला में इस प्रकार के सम्मेलन संपन्न हुए।

कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों ने रामजी एक्ट के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आधारभूत सुविधाओं और समग्र विकास के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आंगनबाड़ी और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से ग्रामीण भारत को समृद्ध बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। ग्रामीण परिवारों को रोजगार की गारंटी उपलब्ध कराई जा रही है। विकसित भारत जी रामजी अंतर्गत ग्रामीण परिवार प्रति 125 दिनों का मजदूरी रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

# सैलरीड व प्रोफेशनल कर्मचारियों के लिए समान वेतन और सामाजिक सुरक्षा की मांग



**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर:** इंडियन नेशनल सैलरिड एंड प्रोफेशनल वर्कर्स फेडरेशन (इंटक) की अखिल भारतीय कार्यसमिति की बैठक में सैलरीड एवं प्रोफेशनल कर्मचारियों के वेतन, कार्य समय, सुरक्षा और सामाजिक सुविधाओं के लिए स्पष्ट नीति बनाने की मांग उठाई गई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के अखिल भारतीय अध्यक्ष एवं इंटक के राष्ट्रीय सचिव डॉ. एम. पी. पद्मनाभन ने की।

बैठक में नए श्रम कानूनों को श्रमिक विरोधी बताते हुए उन्हें वापस लेने की मांग की गई। साथ ही भविष्य निधि (पीएफ) पेंशन से जुड़े सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के निर्णयों को शीघ्र लागू करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि श्रमिक संगठनों से चर्चा किए बिना लागू किए गए श्रम कानून कर्मचारियों के हितों के विपरीत हैं।

बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने सैलरीड एवं प्रोफेशनल कर्मचारियों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन, निर्धारित कार्य समय, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को अनिवार्य बनाने की मांग की।

# मूंग खरीदी और खाद संकट को लेकर किसानों का चक्काजाम, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेली:** मूंग खरीदी में आ रही समस्याओं और डीएपी-यूरिया की कमी को लेकर गुरुवार को बरेली में किसानों ने प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे से बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टरों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे और धरना दिया। इस दौरान कुछ समय के लिए हाईवे पर चक्काजाम भी किया गया। प्रदर्शन में करीब 500 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

किसानों ने आरोप लगाया कि मूंग खरीदी की वर्तमान व्यवस्था से उन्हें परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रति एकड़ केवल एक क्विंटल 20 किलो मूंग खरीदी के आदेश का विरोध करते हुए इसे बढ़ाकर प्रति एकड़ पांच क्विंटल करने की मांग की। साथ ही ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने और पर्याप्त मात्रा में डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध कराने की मांग उठाई। किसानों ने सिंचाई के लिए प्रतिदिन 12 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग की। धरना-प्रदर्शन में पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह पटेल, पूर्व विधायक भगवान सिंह राजपूत, डॉ. देवेंद्र सिंह धाकड़, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजीव पालीवाल, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह रघुवंशी, युवा नेता युद्धवीर सिंह पटेल सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने राज्य सरकार की कृषि नीतियों की आलोचना करते हुए किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की। बाद में किसानों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा आंदोलन करेंगे।

# मूंग खरीदी नहीं हुई तो 6 जुलाई से आंदोलन, किसानों ने दी चेतावनी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरुंदा:** मूंग खरीदी को लेकर किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में गुरुवार को बड़ी संख्या में किसान भैरुंदा तहसील पहुंचे और एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी और प्रति एकड़ छह क्विंटल खरीदी की मांग नहीं मानी गई तो 6 जुलाई से 'घेरा डालो-डेरा डालो' आंदोलन शुरू किया जाएगा।

आंदोलन से पहले कृषि उपज मंडी के विश्राम गृह में किसानों की बैठक हुई, जिसमें आगामी रणनीति तय की गई। इसके बाद किसानों ने मंडी से तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और धरना दिया। किसानों का कहना है कि इस वर्ष क्षेत्र में मूंग का उत्पादन अच्छा हुआ है, लेकिन सरकार की सीमित खरीदी व्यवस्था के कारण उन्हें उचित मूल्य मिलने की संभावना कम है। उनका आरोप है कि यदि पूरी उपज नहीं खरीदी गई तो व्यापारी किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर कम कीमत पर फसल खरीदेंगे, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा।

किसान स्वराज संगठन ने घोषणा की है कि 6 जुलाई को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ विशाल रैली निकाली जाएगी। आंदोलन के दौरान किसान तंबू, राशन, गैस सिलेंडर और अन्य आवश्यक सामग्री लेकर पहुंचेंगे, ताकि जरूरत पड़ने पर लंबे समय तक धरना जारी रखा जा सके। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि जिला कलेक्टर स्वयं मौके पर पहुंचकर किसानों से चर्चा करें और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो किसान सड़क पर डेरा डालकर अनिश्चितकालीन धरना देंगे और आवश्यक होने पर चक्काजाम भी करेंगे।

किसानों की प्रमुख मांगों में मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी, प्रति एकड़ छह क्विंटल खरीदी की सीमा तय करना तथा खरीदी प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना शामिल है। किसानों का कहना है कि उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना चाहिए, ताकि वे आर्थिक संकट से उबर सकें। भैरुंदा सहित आसपास के गांवों में आंदोलन को व्यापक समर्थन मिल रहा है और बड़ी संख्या में किसान 6 जुलाई के प्रस्तावित आंदोलन में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं।


**नाम परिवर्तन**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, इशाक खान (ISHAQ KHAN) पुत्र श्री हमीद खान, निवासी ग्राम ललरिया, पोस्ट ललरिया, तहसील बेरसिया, जिला भोपाल, म.प्र. 463111 मेरा पूर्व नाम "इसाक खान" (ISAK KHAN) था अब उसे बदलकर "इशाक खान" (ISHAQ KHAN) रख लिया है। भविष्य में सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम "इशाक खान" (ISHAQ KHAN) ही माना जाए। इशाक खान पुत्र हमीद खान ग्राम ललरिया, जिला भोपाल म.प्र.

776

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मो. उस्मान उद्दीन (MOHD. USMAN UDDIN) के जन्म प्रमाण पत्र में पुराना नाम मो. उस्मान खान दर्ज है। मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक व नया नाम मो. उस्मान उद्दीन (MOHD. USMAN UDDIN) पिता फरीद उद्दीन खान (FARID UDDIN KHAN ) पता-म.नं- 1424, 3/18, अमीन मार्केट, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल -462008 हो गया है, जो कि भविष्य में इसी नाम से जाना और पहचाना जावेगा। जिसे पढ़ा और लिखा जावे।

775

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02**
**भोपाल, Mobile No. : 9425601534**
**ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com**
**क्र.- मप्रपुआअविनि/ 674/प.यं/भोपाल-02/तशा/2026**
**भोपाल, दिनांक 01.07.2026**

**प्रेस विज्ञप्ति**

"एस.बी.टी.आई. भवन के ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी में रेनोवेशन एवं पेंटिंग का कार्य जहांगीराबाद जिला भोपाल के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-04/2026-27 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No- 2026_MPPHC_518924_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 15.07.2026 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन से खरीदे जा सकते है, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/126684/2026 **परियोजना यंत्री**

**M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
**(A Government of M.P. Undertaking)**
**Regional Office, Bhopal (M.P.), Tawa Complex, Bittan Market, E-5, Arera Colony, Bhopal**
**Phone : (O) +91 755 2420301-2-3**

**Date : 02.07.2026**

**NOTICE INVITING TENDERS**

Online tenders are invited through the M.P. E-Procurement System Portal for the following works :-

| NIT | Subject | PAC Amount |
|---|---|---|
| 22 | Installation of street lights, transformer and control panel at industrial area Pilukhedi District Rajgarh (M.P.) | 34039927.00 |
| 23 | Chlorine System, Supply, Installation, Commissioning for WTP (2 MLD each) at Industrial Area Jambar Bagri, District Vidisha (M.P.) and Industrial Area Badiyakhedi Distt. Sehore (M.P.) | 2030082.00 |

Tender documents along with detailed terms and conditions can be downloaded from **mptenders.gov.in** shortly.

M.P. Madhyam/126690/2026 **EXECUTIVE ENGINEER**